## कर्मचारियों ने की प्रार्थना

**देहरादून।** ओएनजीसी अस्पताल से हटाए गए पैरा मेडिकल संविदा कर्मचारी बृहस्पतिवार को सातवें दिन भी धरने पर डटे रहे। संविदाकर्मियों के अनुरोध पर आईएनसी चर्च दिल्ली से आए पादरी आर सैमसन लाल ने विशेष रूप से प्रार्थना की। प्रबंधन के हृदय परिवर्तन की कामना की। कई सालों से ओएनजीसी अस्पताल में संविदा पर कार्यरत 41 कर्मचारियों को प्रबंधन ने पिछले दिनों हटा दिया था। इससे कर्मचारियों में अत्यधिक रोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी जगह प्रबंधन नई नियुक्ति कर रहा है। ऐसे में उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने शुक्रवार को सीएम से भी मिलने का निर्णय लिया। **ब्यूरो**

## मंत्रियों को घेरेंगे अमीन

**देहरादून।** ग्रेड पे, प्रोन्नति समेत चार सूत्री मांगों के संबंध में धरने पर बैठे संग्रह अमीनों ने निर्णय लिया कि रक्षा बंधन के बाद मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों का घेराव किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए संग्रह अमीनों से कहा गया कि वे अपने-अपने जिलों और क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों का घेराव करें। परेड ग्राउंड स्थित धरना स्थल पर हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि कैबिनेट के प्रस्ताव पास करने के बाद भी संग्रह अमीनों की नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति के संबंध में शासनादेश जारी नहीं किया जा रहा है। जब से राजस्व संग्रह अमीन संवर्ग बना है वेतन और पदोन्नति के मामले में अमीनों के साथ भेदभाव हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरकाशी से आए संग्रह अमीन गणेश मणि बडोनी और संचालन महेंद्र प्रताप ने किया। **ब्यूरो**

# पक्के होंगे 40 हजार कर्मचारी

## दीपावली से पहले मिल सकता है संविदा कर्मचारियों को तोहफा

अमर उजाला ब्यूरो

हाईकोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद खुला रास्ता

**देहरादून।** हाईकोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद प्रदेश में संविदा या अस्थायी तौर पर पांच साल से काम कर रहे करीब 40 हजार कर्मचारियों के नियमितीकरण का रास्ता साफ हो गया है। इस बाबत प्रदेश सरकार का रुख सकारात्मक है। उम्मीद है कि दीपावली से पहले ही कर्मचारियों के यहां खुशी के चिराग रोशन हो जाएंगे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद को मुख्य सचिव सुभाष कुमार ने आश्वासन दिया है कि हाईकोर्ट के निर्णय की कॉपी मिलते ही तीन-चार दिन में इस संबंध में काम शुरू हो जाएगा। नियमितीकरण की आस जगने से 121 विभागों के कर्मचारियों में खुशी की लहर है। संयुक्त परिषद इस संबंध में पहले से मांग कर रही थी। परिषद ने इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी बात की है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर प्रहलाद सिंह ने बताया कि नियमितीकरण के संबंध में हर विभाग में कमेटी गठित होगी। सितंबर-अक्तूबर में नियमितीकरण का कार्य पूरा होने की उम्मीद है। परिषद कर्मचारियों का आंकड़ा भी तैयार कर रही है। इस संबंध में कर्मचारी संगठनों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्य सचिव से फिर मिलेगा।

### इन विभागों में होगा नियमितीकरण

स्वास्थ्य विभाग-6000, सिंचाई विभाग-5000, पीडब्लूडी-6000, पुलिस-600, रजिस्ट्रार आफिस-200, व्यापार कर-300, सिंचाई विभाग-1700, परिवहन-250, ग्रामीण अभियंत्रण-250, गन्ना-155, मत्स्य-150, मंडी-250, पॉलीटेक्निक-250, आईटीआई-250, वन-800, वित्त-550, शिक्षा विभाग-3000, उद्यान-2500, कृषि-2500, सचिवालय-250, विधानसभा-255, आरएफसी-300, ऊर्जा-4000, जलसंस्थान-2500, रोडवेज-2500, आयुर्वेदिक-250, होम्योपैथी-200, वेटेनरी-200, वित्त-लेखा-150, वित्त विकास निगम-250, विभिन्न आयोग-360

*(राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अनुसार)*

### कर्मचारी संगठनों की शासन से मांग

- विभागों में नियमितीकरण वरिष्ठता के आधार पर हो
- राजनीतिक सिफारिश पर प्राथमिकता तय न की जाए
- बिचौलियों को बीच में न आने दिया जाए
- आरक्षित कोटा वालों को भी नियमानुसार लाभ मिले
- योग्यता के अनुसार कार्य हो

### फैसले से कर्मियों को मिली राहत

**देहरादून।** कर्मचारी संगठन गढ़वाल मंडल विकास निगम के कार्यालय में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में हाईकोर्ट के फैसले पर राहत और खुशी जताई गई, जिसमें हाईकोर्ट नैनीताल ने पांच वर्ष की निरंतरता पर नियमितिकरण पर से रोक हटाने की बात कही है। वक्ताओं का कहना था कि इससे उत्तराखंड में विभिन्न विभागों में नियमितिकरण से वंचित हजारों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश रमोला, महासचिव आशीष उनियाल, सचिव नवीन कुमार, जगवीर सजवाण, कमलेश शाह, महेश कुमार, दीपक जुगरान, अमित रावत, बुद्धि सिंह चौहान, बलदेव राम टम्टा, प्रमोद, राम सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

रहें अपडेट क्लिक करें dehradun.amarujala.com

### शिक्षक महासंघ ने दिया समर्थन

**देहरादून।** उत्तराखंड शिक्षक महासंघ ने सचिवालय समीक्षा अधिकारी संघ के आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश डोबरियाल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र अमल किया जाए ताकि कर्मचारियों को आंदोलन को बाध्य न होना पड़े।

### समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग

**देहरादून।** उपनल कर्मचारी महासंघ ने समान कार्य के लिए समान वेतन दिए जाने की मांग की है। शिक्षा निदेशालय में हुई बैठक में महासंघ कर्मचारियों ने कहा कि प्रयोगशाला सहायकों से प्रयोगशाला के अलावा रात की चौकीदारी एवं अन्य काम न लिए जाएं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भावेश जगुड़ी, ताजवीर सिंह नेगी, विजय सकलानी, चंद्रमोहन, दीप चंद नेगी आदि शामिल थे।

### दुर्गम के शिक्षकों को मिले दुर्गम भत्ता

**देहरादून।** राजकीय शिक्षक संघ ने दुर्गम स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को दुर्गम भत्ता दिए जाने की मांग की है। संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम सिंह के नेतृत्व में अपर निदेशक माध्यमिक एनके बहुगुणा से मिले शिक्षकों ने कहा कि शिक्षकों की तबादला सूची जारी करने से पहले शिक्षकों की दुर्गम में की गई सेवाओं को जोड़ा जाए। अपर निदेशक से मिलने वालों में पूर्व मंडलीय मंत्री बलवीर सिंह, पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता ललित मोहन पांडे, किरन चंद चौधरी आदि शामिल थे।

### संविदा शिक्षकों का अनशन जारी

**देहरादून।** पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षकों का परेड ग्राउंड में आमरण अनशन बृहस्पतिवार भी जारी रहा। बृहस्पतिवार डॉक्टरों ने अनशन स्थल पर पहुंचकर अनशनकारियों के स्वास्थ्य की जांच की। संघ के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि पिछले कई रोज से अनशन के चलते आंदोलनकारियों का स्वास्थ्य खराब हो चुका है। इसके बावजूद सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है।

### रोडवेज कर्मियों को करें नियमित

**देहरादून।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने परिवहन निगम में पांच साल सेवा दे चुके संविदा चालकों, परिचालकों और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग की है। इस संबंध में एक ज्ञापन गुरुवार को प्रबंध निदेशक परिवहन निगम को दिया गया। परिषद के प्रदेश महामंत्री विजय कुमार ममगाईं ने बताया कि निगम उच्च न्यायालय का हवाला देकर नियमितीकरण प्रक्रिया टाल रहा था। लेकिन याचिकाकर्ता के याचिका वापस लेने के बाद हाईकोर्ट ने प्रक्रिया से रोक हटा दी है। इसके साथ ही 180 कर्मियों को नियमित करने का रास्ता खुल गया है। ममगाईं ने कहा कि अगर अब निगम प्रक्रिया से देरी करता है तो फिर संयुक्त परिषद आंदोलन करेगा। **ब्यूरो**


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राजकीय संयुक्त चिकित्सालय रूड़की

संख्या निविदा / 2014-15 दिनांक- 07.08.2014

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड राज्य के महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजकीय संयुक्त चिकित्सालय रूडकी के अन्तर्गत वर्ष 2014-15 के लिये प्रतिष्ठित फर्मो एवं पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति के अन्तर्गत निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निम्न विभागीय कार्यो हेतु निविदा फार्म दिनांक 12.08.2014 से दिनांक 21.08.2014 तक किसी भी कार्य दिवस को (समय 11:00 बजे से 4:00 बजे तक) में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 22.08.2014 को दोपहर 2:00 बजे से 2:45 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जायेगी तथा सम्बन्धित निविदा दिनांक 22.08.2014 को दोपहर 3:00 बजे चिकित्सा प्रबन्धन कार्यकारिणी समिति/ निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र की कीमत | अर्नेस्ट मनी | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कपडा धुलाई | 450000.00 | 225.00+13.5% वैट | 9000.00 | 45000.00 |
| 2 | लोकल पर्चेज (औषधि) | 450000.00 | 225.00+13.5% वैट | 9000.00 | 45000.00 |
| 3 | लैब/ रक्त कोष में रसायन सामग्री की आपूर्ति | 1500000.00 | 750.00+13.5% वैट | 30000.00 | 150000.00 |
| 4 | साईकल स्टैंड संचालन का कार्य (बोली) | 55000.00 | 200.00+13.5% वैट | 5500.00 | 11000.00 |
| 5 | छपाई कार्य | 150000.00 | 75.00+13.5% वैट | 3000.00 | 15000.00 |

टेण्डर हेतु पात्रता एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 07.08.2014 से दिनांक 21.08.2014 तक देखी जा सकती है। समिति किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर सकती है, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
राजकीय सयुक्त चिकित्सालय रूड़की।



## उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांक / दिनांक / / 2013

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 09.09.2014 के अपराह्न 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा डाकघर बचत पासबुक, किसान विकास पत्र जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., चम्बा टिहरी गढ़वाल के पदनाम से बन्धक की गई हों, लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रु. 100.00 का नान जूडिसीयल के स्टाम्प पेपर पर रु. 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक है।

निविदा प्रपत्र दि. 01.09.2014 से दि. 08.09.2014 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे पूर्वाह्न से सायं 5.00 बजे अपराह्न तक निम्नाकित किसी भी कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं। तथा दिनांक 09.09.2014 को अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी।

1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 8वां वृत्त लो.नि.वि. नई टिहरी।
2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो.नि.वि. टिहरी गढ़वाल।
3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि. नरेन्द्रनगर।
4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो.नि.वि. ऋषिकेश (जनपद देहरादून)

प्राप्त निविदायें दिनांक 10.09.2014 के अपराह्न 3.30 बजे उपस्थित निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति में अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो.नि.वि. चम्बा के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य व्यापार कर (रुपये) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद टिहरी गढ़वाल के पुलिस लाईन चम्बा में श्रेणी-II के 4 क्वार्टर (एक ब्लाक) का निर्माण कार्य। | 50000.00 | 300=00 +13-50वैट | 12 माह | 45 दिन | भवन कार्य में पंजीकृत |
| 2. | राज्य योजना के अन्तर्गत चम्बा बाई पास मोटर मार्ग के नवनिर्माण के अन्तर्गत कि.मी. 3.00 का.से. 1/40 से 2/20 के मध्य पहाड़ कटान का कार्य। | 14000.00 | 300=00 + वैट | 6 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 3. | राज्य योजना के अन्तर्गत चम्बा बाई पास मोटर मार्ग के नवनिर्माण के अन्तर्गत कि.मी. 3.00 का.से. 2/20 से 2/40 के मध्य पहाड़ कटान एवं स्कपरों का निर्माण का कार्य। | 18000.00 | 300=00 + वैट | 6 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 4. | राज्य योजना के अन्तर्गत चम्बा बाई पास मोटर मार्ग के नवनिर्माण के अन्तर्गत कि.मी. 4.00 का.से. 2/40 से 3/20 के मध्य पहाड़ कटान एवं स्कपरों का निर्माण का कार्य। | 17000.00 | 300=00 +वैट | 6 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 5. | राज्य योजना के अन्तर्गत चम्बा बाई पास मोटर मार्ग के नवनिर्माण के अन्तर्गत कि.मी. 4.00 का.से. 3/20 से 3/40 के मध्य पहाड़ कटान एवं स्कपरों का निर्माण का कार्य। | 13000.00 | 300=00 + वैट | 6 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |

**नोट.:** 1. निविदा की शर्ते जी.पी.डब्ल्यू-9, जी.पी.डब्ल्यू-8, एल.एस. 83 तथा निविदा सूचना प्रपत्र सं. 69/70 एवं शासनादेश संख्या 2611/11 (2)07-7 (सामान्य)/2000 दिनांक 26 अक्टूबर 2007 के अनुसार होगी अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार होंगी।

2. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
3. निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाने पर 50.00 रु. प्रति सेट पैकिंग, व्यापार कर व पोस्टल व्यय अतिरिक्त देय होगा।
4. डाक द्वारा प्रेषित निविदा प्रपत्र विलम्ब से प्राप्त होने अथवा खो जाने पर विभाग, उत्तरदायी नहीं होगा।
5. निविदा प्रपत्र प्राप्त करते समय ठेकेदार द्वारा पूर्ण धरोहर धनराशि जो कि डाकघर की पास/एन.एस.सी. या राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी. जो कि अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो.नि.वि. चम्बा के पदनाम से बन्धक हो जमा करने पर ही निविदा बिक्रय की जायेगी अन्यथा निविदा नहीं दी जायेगी।
6. निविदा प्रपत्र प्राप्त करते समय प्रत्येक निविदादाता को वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर पैन कार्ड, जिला पंचायत टिहरी का लाईसेन्स प्रस्तुत करने पर ही निविदा बिक्रय की जायेगी। तभी निविदा बैध मानी जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो.नि.वि. चम्बा



## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए लाइसेन्स धारक / अधिकृत एवं अनुभवी निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में प्रथम भाग निर्धारित धरोहर राशि जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक / डाकघर की सी0डी0आर0 / एफ0डी0आर0 / के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के नाम बन्धक हो तथा द्वितीय भाग में नियम, शर्तें एवं दरें जो कि 90 दिनों के लिए वैध हों, आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 16.8.2014 के 12 बजे तक निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य रू0 250.00+13.5% व्यापार कर सहित जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। जो कि दिनांक 16.8.2014 को 14:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। एवं दिनांक 16.8.2014 को ही 16:00 बजे तक उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी, बिना धरोहर राशि के भाग द्वितीय नहीं खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। उपरोक्त तिथि को यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में विक्रय अथवा खोली जायेगी।

**निविदा संख्या 27 / 14–15**:– दिनांक 18.8.2014 से प्रारम्भ हो रही श्री नन्दा राज जात यात्रा के दौरान समस्त पड़ाओं जहां तक विद्युत आपूर्ति उपलब्ध है, में विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के लिए 2 नं0 यूटिलिटी को श्री नन्दा राज जात यात्रा के लिए विभागीय आवश्यकता अनुसार अथवा दिनांक 6.9.2014 तक के लिए अनुबन्धित किये जाने हेतु। – **धरोहर राशि– रू0 5000.00**

**निविदा संख्या 28 / 14–15**:– दिनांक 18.8.2014 से प्रारम्भ हो रही श्री नन्दा राज जात यात्रा के दौरान समस्त पड़ाओं जहां तक विद्युत आपूर्ति उपलब्ध है, में विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के लिए 4 नं0 2 कि0वा0 भार के जनरेटर की आवश्यकता दिनांक 5.9.2014 तक के लिए अनुबन्धित किया जाना। – **धरोहर राशि– रू0 5000.00**

**निविदा संख्या 29 / 14–15**:– दिनांक 18.8.2014 से प्रारम्भ हो रही श्री नन्दा राज जात यात्रा के दौरान समस्त पड़ाओं जहां तक विद्युत आपूर्ति उपलब्ध है, में विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के लिए 20 नं0 मजदूर जो कि समस्त औपचारिकतायें रखते हों, को विभागीय आवश्यकता अनुसार अथवा दिनांक 6.9.2014 तक के लिए अनुबन्धित किये जाने हेतु। – **धरोहर राशि– रू0 5000.00**

पत्रांक : 1276 / वि०वि०ख०च० / निविदा
दिनांक : 06.08.2014

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, गोपेश्वर

"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



## कार्यालय प्राचार्य/डीन, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान शोध संस्थान, श्रीनगर गढ़वाल।

फोन नं.: 01346-244701, 244706

पत्रांकः- मे.का./निविदा/2014-15/354 दिनांकः- 7 अगस्त, 2014

**निविदा संशोधन सूचना**

वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान श्रीनगर गढ़वाल एवं बेस टीचिंग चिकित्सालय, श्रीनगर गढ़वाल द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या मे.का./निविदा/2014-15/239 दिनांक 01.08.2014 में मशीनें एवं उपकरणों निम्न आंशिक संशोधन किये जाते हैं।

| क्र. सं. | मशीन का नाम | मात्रा | अनुमानित लागत | कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ वैट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| B. | Biochemistry Department | | | | | |
| 1- | Auctomatic Electrolyle analyser | 03 के स्थान में 01 पढ़ा जाये | 750000.00 approx | 2250000.00 approx के स्थान पर 750000.00 approx पढ़ा जाये | 67500.00 के स्थान पर 22500.00 पढ़ा जाये | 1350+13.5% के स्थान पर 450+13.5% पढ़ा जाये। |
| F. | Pathology Department | | | | | |
| 5. | Binocular microscope (practical lab) | 10 | 400000.00 approx के स्थान पर 40000.00 approx | 2400000.00 approx के स्थान पर 400000.00 approx पढ़ा जाये | 72000.00 के स्थान पर 16000.00 पढ़ा जाये | 1440+13.5% के स्थान पर 320+13.5% पढ़ा जाये। |
| G. | Opthalmology Department | | | | | |
| 1. | Slit lamp 5 step magnification with hydrolic/electric stand (c.certified) | 03 के स्थान में 01 पढ़ा जाये | 800000.00 approx | 2400000.00 approx के स्थान पर 800000.00 Approx पढ़ा जाये | 72000.00 के स्थान पर 24000.00 पढ़ा जाये | 1440+13.5% के स्थान पर 480+13.5% पढ़ा जाये। |
| H. | Department of Radiotherapy & Clinical Oncology | | | | | |
| 1. | High Energy Linear Accelerator | इस मशीन हेतु निविदा निरस्त समझी जाये। | | | | |

तदनुसार अल्पकालिक निविदा सूचना संशोधित समझी जाये।

प्राचार्य/डीन
वी.च.सि.ग. आर्यु. शोध संस्थान
श्रीनगर गढ़वाल।



## चिकित्सा शिक्षा निदेशालय

107, चन्दर नगर, देहरादून, उत्तराखण्ड

**(शैक्षणिक सत्र 2014–15 हेतु विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों (ए0एन0एम0 / जी0एन0एम0 / बी0एस0सी0 नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग / एम0एस0सी0 नर्सिंग) की राज्य कोटे की सीटों में प्रवेश हेतु)**

**प्रथम चरण काउन्सिलिंग सूचना**

शासनादेश संख्या–273/XXVIII(1)/2014-36/2010 दिनांक 07.08.2014 के क्रम में विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों (ए0एन0एम0 / जी0एन0एम0 / बी0एस0सी0 नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग / एम0एस0सी0 नर्सिंग) की राज्य कोटे की सीटों में प्रवेश हेतु गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के परीक्षाफल दिनांक 25.07.2014 के आधार पर प्रवेश दिये जाने हेतु प्रथम चरण की काउन्सिलिंग निम्नवत आयोजित की जाएगी; कृपया ध्यानपूर्वक मनन कर पढ़ लेवें:

| कोर्स | दिनांक एवं समय | गतिविधि | काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी की मेरिट रैंक संख्या |
|---|---|---|---|
| ए0एन0एम0 | 20.08.2014, प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक | पंजीकरण | संयुक्त मैरिट रैंक (सी0एम0एल0 रैंक) क्रमांक 01 से 300 तक के अभ्यर्थी |
| | 21.08.2014 प्रातः 10.30 बजे से आरम्भ | सीट आवंटन | सीट आवंटन, (केवल दिनांक 20.08.2014 को पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही होगा) |
| | 22.08.2014, प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक | पंजीकरण | संयुक्त मैरिट रैंक (सी0एम0एल0 रैंक) क्रमांक 301 से 600 तक के अभ्यर्थी |
| | 23.08.2014 प्रातः 10.30 बजे से आरम्भ | सीट आवंटन | सीट आवंटन, (केवल दिनांक 22.08.2014 को पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही होगा) |
| जी0एन0एम0 | 24.08.2014, प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक | पंजीकरण | संयुक्त मैरिट रैंक (सी0एम0एल0 रैंक) क्रमांक 01 से 300 तक के अभ्यर्थी |
| | 25.08.2014 प्रातः 10.30 बजे से आरम्भ | सीट आवंटन | सीट आवंटन, (केवल दिनांक 24.08.2014 को पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही होगा) |
| | 26.08.2014, प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक | पंजीकरण | संयुक्त मैरिट रैंक (सी0एम0एल0 रैंक) क्रमांक 301 से 600 तक के अभ्यर्थी |
| | 27.08.2014 प्रातः 10.30 बजे से आरम्भ | सीट आवंटन | सीट आवंटन, (केवल दिनांक 26.08.2014 को पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही होगा) |
| बी0एस0सी0 नर्सिंग | 28.08.2014, प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक | पंजीकरण | संयुक्त मैरिट रैंक (सी0एम0एल0 रैंक) क्रमांक 01 से 400 तक के अभ्यर्थी |
| | 29.08.2014 प्रातः 10.30 बजे से आरम्भ | सीट आवंटन | सीट आवंटन, (केवल दिनांक 28.08.2014 को पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही होगा) |
| पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग / एम0एस0सी0 नर्सिंग | 30.08.2014, प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक | पंजीकरण | **पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग–** संयुक्त मैरिट रैंक (सी0एम0एल0 रैंक) क्रमांक 01 से 89 तक के अभ्यर्थियों का पंजीकरण होगा **एम0एस0सी0 नर्सिंग–** संयुक्त मैरिट रैंक (सी0एम0एल0 रैंक) क्रमांक 01 से 108 तक के अभ्यर्थियों का पंजीकरण होगा |
| | 31.08.2014 **पोस्ट बेसिक बी०एस०सी० नर्सिंग–** प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक **एम0एस0सी0 नर्सिंग–** अपरान्ह 3.00 बजे से आरम्भ | सीट आवंटन | सीट आवंटन, (केवल दिनांक 30.08.2014 को पंजीकृत अभ्यर्थियों का ही होगा) |

**काउन्सिलिंग स्थल :– उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, न्यू कैम्पस, पोस्ट ऑफिस चन्दन वाडी, सुद्धोवाला, प्रेमनगर, देहरादून।**

**आवंटित कॉलेज में प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि :– 06.09.2014**

**नोटः–**

- अभ्यर्थी सम्बन्धित पाठ्यक्रम की सूचना विवरणिका का भली प्रकार से कई बार अध्ययन कर लेवें ताकि अर्हता एवं काउन्सिलिंग के बारे में उसे कोई भी भ्रम न रहे तथा तद्नुसार समस्त वांछित अभिलेख/ दस्तावेज सहित कॉउन्सिलिंग के दिन आयें।
- द्वितीय चरण की कॉउन्सिलिंग एवं द्वितीय चरण की प्रतीक्षा सूची के आधार पर सीट आवंटन की समयसारणी बाद में पृथक से प्रकाशित की जाएगी।
- नियमित रूप से www.gbpuat.ac.in अथवा www.gmchld.org अथवा www.ua.nic.in/smc.ac.in बेबसाइटों को देखते रहें, ताकि काउन्सिलिंग के सम्बन्ध में अधुनान्त जानकारी मिलती रहें।
- परीक्षाफल के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कृपया दूरभाष संख्या– 05944–235029 पर तथा कॉउन्सिलिंग के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु दूरभाष संख्या– 0135–2723026 विस्तार संख्या– 20 पर सम्पर्क करें।

पत्रांक : 26प/चि०शि०/17/2014/3563, दिनांक : 07.08.2014

अध्यक्ष
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा काउन्सिलिंग बोर्ड–2014



## भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग/ Govt. of India, Dept. of Space
## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन / Indian Space Research Organisation
## भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान / Indian Institute of Remote Sensing
## निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग / Construction &Maintenance Division

iirs

4, कालिदास मार्ग, पोस्ट बाक्स सं. 135, देहरादून-248001 / 4, Kalidas Road, PB No. 135, Dehradun,-248001

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

**Short Term Tender Notice**

दिनांक /Date: 04.08.2014

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सिविल अभियांत्रिकी विभाग (सी.ई.डी.) अंतरिक्ष विभाग (डी.ओ.एस.), केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सी.पी.डब्ल्यू.डी.,) सैन्य अभियंता सेवा (एम.ई.एस.), रेलवे और राज्य के लोक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) के उचित श्रेणी के ठेकेदारों एवं/या समान प्रकृति व परिमाण के अनुभवी के लिये निम्नलिखित कार्य की 'दो लिफाफा प्रणाली' में मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

On the behalf of the President of India sealed item rate tenders are invited in "two cover systems" from contractors of appropriate class of Civil Engineering Division (CED), Department of Space (DOS), CPWD, MES, Railways and state PWD's and /or Agencies having experience in works of similar nature and magnitude for the following works.

| क्रम सं. SI.No. | कार्य की प्रकृति Nature of Work | अनुमानित लागत (₹ में) Approx. Cost(in ₹ ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि Completion Period | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में) Cost of Tender (in ₹) | धरोहर राशि (₹ में) Earnest Money (in ₹) | निविदा प्रपत्र विक्रय अवधि Sale Period | निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि Due Date of Receipt |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नि.सं.: भा.सू.सं.सं./नि.अ.वि./22/2014-15 **NIT No.: IIRS/CMD/22/2014-15** भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून परिसर के अतिथि गृह में अतिरिक्त कमरों का निर्माण 6/Construction of additional 6 rooms in Guest house at IIRS campus, Dehradun. | 36,85,000/- | 05 माह/Months | 1,000/- | 92,125/- | 11.08.2014 से/to 22.08.2014 | 28.08.2014 (up to 1430 hrs) (1430 बजे तक) |

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों को प्रमुख, निर्माण एवं अनुरक्षण विभाग, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, 4 -कालीदास मार्ग, देहरादून के कार्यालय से सभी कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक (जैसा कि ऊपर दर्शित है) निम्नलिखित संबंधी दस्तावेजों को प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता हैः (क) निविदा प्रपत्र का मूल्य डिमांड ड्राफ्ट अथवा नगद रूप में भुगतान करे (ख) वैध पंजीकरण का प्रमाण पत्र (ग) समान कार्य के अनुभव का सत्यापित प्रमाण पत्र (घ) पैन विवरण (ड.) ई.एस.आई. एवं ई.पी.एफ. पंजीकरण का प्रमाण पत्र (च) कार्यालय का स्थानीय पता आदि। निविदा प्रपत्र के लिये आवेदन व्यक्तिगत रूप से अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। डाक द्वारा मंगवाने पर, आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र मूल्य के अतिरिक्त ₹150/ -का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करें जोकि "वेतन एवं लेखाधिकारी,भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून" के नाम देय हो। विभाग के पास बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। डाक में विलंब/गैर प्राप्ति के लिये विभाग जिम्मेदारर नहीं होगा। निविदाओं को नियत तिथि के अपराह्न 03.00 बजे भाग लेने वाले निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। अधिक जानकारी प्रमुख, निर्माण एवं अनुरक्षण विभाग, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, 4-कालीदास मार्ग, देहरादून के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की जानकारी वेबसाईट **www.iirs.gov.in** पर भी देखी जा सकती है।

Tender Documents and Conditions can be had from the office of Head, CMD, Indian Institute of Remote Sensing, 4, Kalidas Road, Dehradun on working days between 1000 hrs and 1600 hrs as indicated above on production of a) DD/Cash (to be deposited in our Accounts Section) Towards cost of tender,b) Proof of Registration/License, c) Experience Certificate for similar work & duly attested d) PAN details, e) ESI & EPF registration. f) local address of office. Application may be in person or through duly authorized person. Postal requisition shall be accompanied by Demand Draft for the cost of the tender document plus ₹150/-drawn in favour of "Pay & Accounts Officer, IIRS, Dehradun". Department reserves the right to reject any application without assigning any reasons. The department will not be responsible for non/late receipt due to postal transit. Tenders will be opened at 1500 hrs onwards on the last date of receipt in the presence of attending tenderers or their authorized representatives. For further details, detailed Tender notice on this behalf available in the office of Head, CMD, Indian Institute of Remote Sensing, Dehradun may be perused. NIT details are also available on web site: www.iirs.gov.in

प्रमुख, अनुरक्षण एवं निर्माण विभाग/Head, CMD